हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 10 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने की भी मंजूरी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रात मीडिया को बताया कि इस योजना के अंतर्गत तीन करोड आवास नए बनाए जाएंगे। दो करोड़ घर ग्रामीण क्षेत्रों में और एक करोड़ घर शहरी क्षेत्रों में बनेंगे ।इस के लिए 3 लाख 60 करोड़ का बजट रहेगा ।श्री वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का प्रावधान भी है।मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने उन्नत जैव ईंधन परियोजना को वित्तीय सहायता मुहैया कराने के लिए संवर्धित प्रधानमंत्री जीवन योजना को भी स्वीकृति दी।सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय की हाल की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई।

देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान कल से शुरू हो गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि अनुसूचित जाति, गरीब और अंत्योदय प
रिवारों को
केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।
मुख्यमंत्री अपने चंडीगढ़ स्थित आवास पर अनुसूचित

जाति युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहाकि प्रदेश सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। पिछले 10 सालों में बनी योजनाओं का प्रदेश के लोगों को लंबे समय तक लाभ मिलेगा। प्रदेश में जमकर विकास का काम हुआ है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेझूठ फैलाया था कि केंद्र में बीजेपी सरकार आई तो देश के संविधान को बदल देगी। उन्होंनेकहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो संविधान को माथे पर लगाते हैं वह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चल देशका विकास करने में लगे हुए हैं ।उन्होंने सरकार द्वारा ने प्रदेश में गरीब लोगों को100-100 गज के भूखंड दिये जाने सहित अपनी सरकारकी उपलब्धियां गिनातेहुए कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार गरीब व्यक्ति को मजबूत करने एवं उन्हें न्याय दिलाने में तत्पर है। इससेपहलेअनुसूचितजाति युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

हरियाणा के परिवहन और महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने कहा कि ओलम्पिक में धाक जमाने वाली खिलाड़ी मनु भाकर को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का ब्रांड अम्बेसडर बनाया जायेगा।
परिवहन मंत्री ने कल अंबाला छावनी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में यह घोषणा की । उन्होंने कहा कि मनु भाकर व सरबजोत सिंह ने ओलम्पिक में पदक जीतकर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है और इस बात पर हर भारतवासी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटी मनु भाकर ने दो कांस्य पदक जीते जोकि भारत के लिए बहुत ही गर्व की बात है।
श्री गोयल ने विनेश फोगाट के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उसे बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाडियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और आज हरियाणा में खिलाडियों को बेहतर

खेल सरंचना उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है।

****

पेरिस ओलिंपिक में कल को भारत की पदक तालिका में छठा पदक जुड़ गया, जब अमन सहरावत ने 57 किलो भार वर्ग की पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। अमन पेरिस ओलिंपिक खेलों में भारत के अकेले पुरुष पहलवान थे। भारत के लिए व्यक्तिगत स्पर्धाओं में ओलिंपिक पदक जीतने वाले अमन, सबसे युवा खिलाड़ी हैं।गोल्फ में महिला वर्ग के अगले राउंड के मुकाबले भी आज होंगे। कल तक अदिति अशोक 40वें और दीक्षा डागर 42वें स्थान पर थे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय पहलवान अमन सहरावत को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पीआर श्रीजेश और पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह सहित अन्य लोगों का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

****